National Conference on People Management held at ICFAI University

दैनिक भास्कर रांची, शुक्रवार 4 सितंबर, 2015 7

मानव संसाधन है कोर इस्टेट, प्रबंधन का ज्ञान होना जरूरी : डॉ. जॉर्ज जॉन

रांची | बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के वीसी डॉ. जार्ज जॉन ने कहा कि मानव संसाधन कोर इस्टेट है। इसका बेहतर इस्तेमाल करने के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना होगा। इसके लिए मानव प्रबंधन का ज्ञान होना जरूरी है। वे गुरुवार को इक्फाई यूनिवर्सिटी झारखंड में आयोजित व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। इसका विषय मानव संसाधन वर्तमान शताब्दी में उभरते रुझान है। इक्फाई यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. ओएस राव ने कहा कि मानव प्रबंधन काफी व्यापक है। कार्यक्रम में फादर डॉ. अलेक्स एक्का संबंधित विषय पर विचार रखे।

शुक्रवार, 04 सितंबर 2015
हिन्दुस्तान 20

छात्रों ने जाने मानव प्रबंधन के फायदे

गुरुवार को इक्फाई विश्वविद्यालय में आयोजित सम्मेलन में बोलते वक्ता और उपस्थित लोग।

रांची | संवाददाता

इक्फाई विश्वविद्यालय में गुरुवार को मानव प्रबंधन पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बीएयू के कुलपति डॉ.जॉर्ज जॉन ने कहा कि मानव संसाधन किसी भी संगठन का कोर एसेट है। इसे अच्छे से इस्तेमाल करने और अनुकूल माहौल बनाने की पहल होनी चाहिए। संस्थान के कुलपति ओआरएस राव ने कहा कि मानव प्रबंधन काफी व्यापक है। यह व्यावसायिक सफलता और लोगों के व्यक्तिगत सुख के लिए काफी महत्वपूर्ण है। हालांकि हमें सफल होने के लिए प्रौद्योगिकी और वैश्वीकरण से प्रभावित परिवेश में खुद को ढालने की जरूरत है। मौके पर एक्सआइएसएस के निदेशक एलेक्स एक्का, मेकन के उप जीएम संजीव कुमार, एक्सआइएसएस के प्रो. एसआर शॉक ने भी अपने विचार रखें।

प्रभात खबर \ कैंपस रांची, शुक्रवार ,4 सितंबर, 2015 www.prabhatkhabar.com 06

मानव संसाधन का हो बेहतर इस्तेमाल : डॉ जॉन

इक्फाइ विवि में 'मानव प्रबंधन–वर्तमान शताब्दी में उभरते रुझान' विषय पर सम्मेलन.

मुख्य संवाददाता, रांची

बिरसा कृषि विवि के कुलपति डॉ जॉर्ज जॉन ने कहा है कि मानव संसाधन किसी भी संगठन का कोर एसेट है और इसका अच्छे से इस्तेमाल करने पर एक अनुकूल माहौल बनता है. डॉ जॉन आज इक्फाइ विवि, झारखंड के दलादली स्थित परिसर में मानव प्रबंधन-वर्तमान शताब्दी में उभरते रुझान विषय पर आयोजित सम्मेलन में बोल रहे थे. सम्मेलन में एक्सआइएसएस के निदेशक डॉ फादर एलेक्स एक्का ने मानव प्रबंधन के 10 मानवीय आयाम पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि एक्सआइएसएस को विश्व स्तर पर बिजनेस स्कूल के स्थान पर लाने के लिए इसका अभ्यास किया. आधुनिक ग्रुप के कार्यपालक निदेशक ए प्रसाद ने मानव संसाधन में काम, सूचना, भूमिका व प्रदर्शन को समझाया. मेकॉन लिमिटेड डीजीएम संजीव कुमार ने मानव प्रबंधन के सशक्तीकरण के लिए कर्मचारियों के प्रबंधन के लिए संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत पर प्रकाश डाला.

एक्सआइएसएस के एचआर विभागाध्यक्ष प्रो एसआर सॉक ने आज के मानव प्रबंधन की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डाला. इस अवसर पर कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि मानव प्रबंधन काफी व्यापक है, जिससे वे जहां भी रहें और वे जो भी करते हैं व्यावसायिक सफलता और लोगों के व्यक्तिगत सुख के लिए महत्वपूर्ण है. कुलपति ने कहा कि हमें सफल होने के लिए आज के प्रौद्योगिकी और वैश्वीकरण से प्रभावित परिवेश में खुद को ढालने की जरूरत है. डॉ हरिहरण ने धन्यवाद ज्ञापन किया. इस सम्मेलन में दो तकनीकी सत्रों का संचालन प्रो पीके बनर्जी व बीआइटी मेसरा के प्रो प्रणव कुमार ने किया. समापन समारोह में केंद्रीय विवि के कुलपति प्रो एनके यादव इंदु ने प्रतिभागियों को सम्मेलन से सीखने व अपने दैनिक जीवन में लाभ उठाने का आह्वान किया. डॉ केके नाग ने समापन भाषण दिया. इस अवसर पर डॉबीएम सिंह, प्रो मदन प्रसाद, प्रो एस प्रसाद, डॉ एससी स्वेन, डॉ चेतना सिन्हा सहित कई शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे.

3 राजधानी रांची एक्सप्रेस
रांची, शुक्रवार 4 सितम्बर 2015

इक्फाई विवि में राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

मानव संसाधन के बेहतर उपयोग पर बल

रांची, 3 सितम्बर (रा.ए.सं.) : इक्फाई विश्वविद्यालय झारखण्ड के दलादली स्थित परिसर में 'मानव प्रबंधन वर्तमान शताब्दी में उभरते रूझान' विषय पर आज राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. जार्ज जॉन ने कहा कि मानव संसाधन किसी भी संगठन की मुख्य सम्पत्ति होती है। मानव संसाधन का बेहतर उपयोग अनुकूल माहौल बनाने के लिए जरूरी है।

स्मारिका का विमोचन करते विशिष्टजन। छाया : आसिफ

एक्सआइएसएस के निदेशक डा. फादर एलेक्स एक्का ने मानव प्रबंधन के मानवीय आधार पर प्रकाश डाला। आधुनिक समूह के कार्यपालक निदेशक ने मानव संसाधन के महत्व पर जानकारी दी। मेकॉन के उपमहाप्रबंधक संजीव कुमार ने मानव प्रबंधन सशक्तिकरण पर जोर दिया।

एक्सआईएसएस के प्रो. एच.आर. सॉक ने मानव प्रबंधन के विभिन्न आयामों पर विचार व्यक्त किए।

सम्मेलन में दो तकनीकी सत्र भी आयोजित हुए। इसमें कई विशिष्ट लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। इससे पहले स्वागत भाषण विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओआरएस राव ने किया।

इक्फाई विवि में मानव प्रबंधन पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

मानव संसाधन किसी भी संगठन का कोर एसेट : डॉ जार्ज जॉन

रांची: इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड में गुरुवार को मानव प्रबंधन एवं वर्तमान शताब्दी में उभरते रुझान पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र में सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए इक्फाई विवि के कुलपति डॉ ओआरएस राव ने कहा कि मानव प्रबंधन काफी व्यापक है, जिसमें वे जहां भी रहें और वे जो भी करते हैं, व्यावसायिक सफलता और लोगों के व्यक्तिगत सुख के लिए महत्वपूर्ण है। हमें आज सफल होने के लिए प्रौद्योगिकी और वैश्वीकरण से प्रभावित परिवेश में खुद को ढालने की जरूरत है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ जार्ज जॉन ने कहा कि मानव संसाधन किसी भी संगठन की कोर एसेट है और इसे अच्छे से इस्तेमाल करने से एक अनुकूल माहौल बनाने में आवश्यक हो। एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ एलेक्स एक्का ने मानव प्रबंधन के मानवीय आयाम पर टेन कमांडमेंट्स के साथ प्रकाश डाला। वहीं आधुनिक युग के कार्यपालक निदेशक ए.प्रसाद ने मानव संसाधन में काम, सूचना, भूमिका, प्रदर्शन के प्रवाह को समझाया। मेकॉन के जीएम संजीव कुमार ने कहा कि मानव प्रबंधन सशक्तिकरण के लिए जनरल एक्स, जनरल वाई तथा जनरल ई कर्मचारियों के प्रबंधन के लिए संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है।

द्वितीय सत्र में मानव प्रबंधन की चुनौतियां पर चर्चा

राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे तकनीकी सत्र में अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में मानव प्रबंधन की चुनौतियां तथा मानव प्रबंधन में सर्वोत्तम प्रथाओं पर आयोजित की गई। जिसमें समकालीन रोचक विषयों पर मानव प्रबंधन के लिए सुरक्षा के मुद्दों, प्रथाओं, प्रौद्योगिकी का उपयोग व प्रतिभा प्रबंधन विषयों को कवर किया गया। सत्र को संबोधित करते हुए केन्द्रीय विश्वविद्यालय झारखंड के कुलपति डॉ नंद कुमार यादव इंदु ने कहा कि सभी प्रतिभागी सम्मेलन से सीखें एवं इसे अपने सामान्य जीवन में उतारें एवं लोगों को इसके लिए प्रेरित करें। सम्मेलन में बीआईटी मेसरा, सेंट जेवियर कॉलेज, रांची महिला कॉलेज में काम कर रहे प्रबंधकों, शिक्षकों तथा छात्रों द्वारा 19 पेपर प्रस्तुत किया गया। जिसमें बेस्ट पेपर पुरस्कार सुश्री प्रियंका त्रिपाठी, सौमित्रो चक्रवर्ती तथा सुरभि सचिता को दिया गया।